अध्याय-1

01

# लोकतंत्र क्या? लोकतंत्र क्यों?

© JCERT not to be republished

## सीखने के प्रतिफल

इस अध्याय में विद्यार्थी भारतीय लोकतंत्र तथा लोकतांत्रिक शासन प्रणाली को समझ सकेंगे।

## परिचय

आज का युग लोकतंत्र का है। आधुनिक शताब्दी की सबसे लोकप्रिय एवं प्रचलित शासन पद्धति लोकतंत्र ही हैं। यहां हम किसी भी सरकार के लोकतंत्र होने की न्यूनतम विशेषताओं को चिन्हित करेंगे।

## अर्थ

- सामान्य अर्थ में लोकतंत्र का अभिप्राय जनता के शासन से है।
- लोकतंत्र शब्द अंग्रेजी भाषा के डेमोक्रेसी (Democracy) का हिंदी रूपांतर है, जो ग्रीक भाषा के दो शब्द Demos तथा kratia से बना है। इन दोनों शब्दों का अर्थ क्रमशः जनता और शासन होता है।
- व्यापक अर्थ में लोकतंत्र सरकार का एक ऐसा संगठन है, जो जनता द्वारा निर्मित, नियंत्रित एवं संचालित होता है।
- लोकतंत्र में शासन का संचालन जनता के चुने हुए प्रतिनिधियों के द्वारा होता है।

## परिभाषा

- लोकतंत्र शासन का एक ऐसा रूप है, जिसमें शासकों का चुनाव जनता करती है, तथा जनता द्वारा चुने गए शासक ही सारे प्रमुख फैसले लेते हैं।
- अमेरिका के भूतपूर्व राष्ट्रपति अब्राहम लिंकन की परिभाषा अधिक व्यापक और उपयुक्त है। उनके अनुसार "लोकतंत्र प्रजा का, प्रजा के लिए और प्रजा के द्वारा शासन है।"

## लोकतंत्र की विशेषताऐं

**शासक–** लोकतंत्र में निर्णय लेने की अंतिम शक्ति जनता द्वारा चुने हुए जनप्रतिनिधियों

के पास होती है। लोकतंत्र में शासन संचालन का कार्य जनता के प्रतिनिधि ही करते हैं।

**स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव**–लोकतंत्र में निष्पक्ष और स्वतंत्र चुनाव का होना अति आवश्यक है, ताकि सत्ता में बैठे लोगों को जीत- हार का समान अवसर प्राप्त हो सके।

**मतदान का अधिकार**–लोकतंत्र में हर वयस्क नागरिक को मत देने का अधिकार होता है, और प्रत्येक मत का एक समान मूल्य भी होता है।

**कानून का शासन और नागरिक अधिकारों की रक्षा**–लोकतंत्र में कानून का राज होता है तथा सरकार नागरिक अधिकारों द्वारा खींची गई लक्ष्मण रेखा के भीतर ही काम करती है।

## लोकतंत्र ही क्यों ?

## लोकतंत्र के गुण -

- लोकतांत्रिक शासन पद्धति की विशेषता है, जनता के प्रति जवाबदेह होना।
- लोकतंत्र में जनता के हित में बेहतर निर्णय लेने की संभावना होती है।
- किसी भी समाज में लोगों के हितों और विचारों में अंतर होता है। लोकतंत्र लोगों के मतभेदों और टकरावों को कम करता है।
- लोकतंत्र नागरिकों के सम्मान को बढ़ाता है।यह राजनीतिक समानता के सिद्धांत पर आधारित है, जहां अमीर तथा गरीब में फर्क नहीं किया जाता।
- लोकतंत्र में हमें अपनी गलतियों को ठीक करने का अवसर भी मिलता है, क्योंकि लोकतंत्र में अपनी गलतियों को ज्यादा देर तक छुपाकर रखा नहीं जा सकता है। इन पर सार्वजनिक चर्चा होती है तथा इनमें सुधार की भी गुंजाइश होती है।

## लोकतंत्र के दोष -

- लोकतंत्र बहुमत का शासन है। इसलिए बहुमत अल्पसंख्यकों के हितों का गला घोंटने लगता है। यहां 51% जनता 49% लोगों पर शासन करती है ।
- लोकतंत्र अपने दलगत बुराइयों का भी शिकार है। दलगत भावना के कारण राजनीतिक लड़ाई और सत्ता संघर्ष आम बात है।
- लोकतंत्र में चुनावी लड़ाई महत्वपूर्ण और खर्चीली होती है, जिसमें भ्रष्टाचार तथा धन का अपव्यय होता है।
- लोकतांत्रिक व्यवस्था में इतने सारे लोगों से बहस और चर्चा करनी पड़ती है कि हर फैसले में देरी होती है।
- कुछ विद्वानों के अनुसार लोकतंत्र बुद्धिहीनों तथा अयोग्यों का शासन है, यहां धन- बल तथा जन- बल से मूर्ख भी शासक बन जाते हैं।
- लोकतंत्र में चुने हुए नेताओं को जनता के हितों का पता नहीं होता है, जबकि सामान्य लोगों को भी पता नहीं होता कि उनके लिए सही क्या है और गलत क्या है?

* **निष्कर्ष** -उपर्युक्त तथ्यों से यह स्पष्ट है कि अपने अनेक कमियों और त्रुटियों के बावजूद भी लोकतंत्र आधुनिक विश्व की सर्वश्रेष्ठ शासन प्रणाली है।

© JCERT not to be republished

# पाठ्यपुस्तक के प्रश्न – उत्तर

**प्रश्न 1:**

यहाँ चार देशों के बारे में कुछ सूचनाऐं हैं। इन सूचनाओं के आधार पर आप इन देशों का वर्गीकरण किस तरह करेंगे? इनके सामने 'लोकतांत्रिक', 'अलोकतांत्रिक' और 'पक्का नहीं' लिखें।

क. देश क: जो लोग देश के आधिकारिक धर्म को नहीं मानते उन्हें वोट डालने का अधिकार नहीं है।

ख. देश ख: एक ही पार्टी बीते बीस वर्षों से चुनाव जीतती आ रही है।

ग. देश ग: पिछले तीन चुनावों में शासक दल को पराजय का मुँह देखना पड़ा।

घ. देश घ: यहाँ स्वतंत्र चुनाव आयोग नहीं है।

**उत्तर:-**

क. अलोकतांत्रिक

ख. पक्का नहीं

ग. लोकतांत्रिक

घ. अलोकतांत्रिक

**प्रश्न 2:**

यहाँ चार अन्य देशों के बारे में कुछ सूचनाऐं दी गई हैं, इन सूचनाओं के आधार पर इन देशों का वर्गीकरण आप किस तरह करेंगे। इनके आगे 'लोकतांत्रिक', 'अलोकतांत्रिक' और 'पक्का नहीं' लिखें।

क. देश च: संसद सेना प्रमुख की मंजरी के बिना सेना के बारे में कोई कानून नहीं बना सकती।

ख. देश छ: संसद न्यायपालिका के अधिकारों में कटौती का कानून नहीं बना सकती।

ग. देश ज: देश के नेता बिना पड़ोसी देश की अनुमति के किसी और देश से संधि नहीं कर सकते।

घ. देश झ: देश के सारे आर्थिक फैसले केंद्रीय बैंक के अधिकारी करते हैं जिसे मंत्री भी नहीं बदल सकते।

© JCERT not to be republished

**उत्तर :-**

क. अलोकतांत्रिक

ख. अलोकतांत्रिक

ग. पक्का नहीं

घ. पक्का नहीं

**प्रश्न 3:**

इनमें से कौन-सा तर्क लोकतंत्र के पक्ष में अच्छा नहीं है और क्यों?

क. लोकतंत्र में लोग खुद को स्वतंत्र और समान मानते हैं।

ख. लोकतांत्रिक व्यवस्थाऐं दूसरों की तुलना में टकरावों को ज़्यादा अच्छी तरह सुलझाती हैं।

ग. लोकतांत्रिक सरकारें लोगों के प्रति ज़्यादा उत्तरदायी होती हैं।

घ. लोकतांत्रिक देश दूसरों की तुलना में ज़्यादा समृद्ध होते हैं।

**उत्तर :**

(घ) आर्थिक समृद्धि का लोकतंत्र के साथ सीधा संबंध नहीं है ।विश्व में कई ऐसे लोकतांत्रिक देश है जो समृद्ध नहीं है। लोकतंत्र का अर्थ है देश के निर्णय निर्माण में जनता की भागीदारी। इसके लिए आवश्यक नहीं की वहां के लोग आर्थिक रूप से संपन्न ही हो । देश की आर्थिक संपन्नता कई कारकों पर निर्भर करती है।

**प्रश्न 4:**

इन सभी कथनों में कुछ चीजें लोकतांत्रिक हैं तो कुछ अलोकतांत्रिक हर कथन में इन चीजों को अलग-अलग करके लिखें।

क. एक मंत्री ने कहा कि संसद को कुछ कानून पास करने होंगे जिससे विश्व व्यापार संगठन (WTO) द्वारा तय नियमों की पुष्टि हो सके।

ख. चुनाव आयोग ने एक चुनाव क्षेत्र के सभी मतदान केंद्रों पर दोबारा मतदान का आदेश दिया जहाँ बड़े पैमाने पर मतदान में गड़बड़ की गई थी।

ग. संसद में औरतों का प्रतिनिधित्व 10 प्रतिशत तक ही पहुंचा है। इसी के कारण महिला संगठनों ने संसद में एक-तिहाई आरक्षण की माँग की है।

© JCERT not to be republished

**उत्तर :-**

क. संसद द्वारा कानूनों को पारित करना लोकतांत्रिक है, जबकि विश्व व्यापार संगठन के द्वारा नियमों की पुष्टि अलोकतांत्रिक है।

ख. मतदान केंद्रों पर दोबारा मतदान लोकतांत्रिक है, जबकि मतदान में गड़बड़ होना अलोकतांत्रिक है।

ग. संसद में महिलाओं के प्रतिनिधित्व का खराब स्तर अलोकतांत्रिक है, जबकि एक तिहाई आरक्षण की मांग लोकतांत्रिक है।

**प्रश्न 5:**

लोकतंत्र में अकाल और भुखमरी की संभावना कम होती है। यह तर्क देने का इनमें से कौन-सा कारण सही नहीं है?

क. विपक्षी दल भूख और भुखमरी की ओर सरकार का ध्यान दिला सकते हैं।

ख. स्वतंत्र अख़बार देश के विभिन्न हिस्सों में अकाल की स्थिति के बारे में खबरें दें सकते हैं।

ग. सरकार को अगले चुनाव में अपनी पराजय का डर होता है।

घ. लोगों को कोई भी तर्क मानने और उस पर आचरण करने की स्वतंत्रता है।

**उत्तर :-**

घ. लोगों को कोई भी तर्क मानने और उस पर आचरण करने की स्वतंत्रता लोकतांत्रिक शासन व्यवस्था में गलत है।

**प्रश्न 6:**

किसी जिले में 40 ऐसे गाँव हैं जहाँ सरकार ने पेयजल उपलब्ध कराने का कोई इंतजाम नहीं किया है। इन गाँवों के लोगों ने एक बैठक की और अपनी ज़रूरतों की ओर सरकार का ध्यान दिलाने के लिए कई तरीकों पर विचार किया। इनमें से कौन-सा तरीका लोकतांत्रिक नहीं है?

क. अदालत में पानी को अपने जीवन के अधिकार का हिस्सा बताते हुए मुकदमा दायर करना।

ख. अगले चुनाव का बहिष्कार करके सभी पार्टियों को संदेश देना।

ग. सरकारी नीतियों के खिलाफ जन सभाऐं करना।

घ. सरकारी अधिकारियों को पानी के लिए रिश्वत देना।

© JCERT not to be republished

**उत्तर:**

(घ) सरकारी अधिकारियों को पानी के लिए रिश्वत देना

**प्रश्न 7:**

लोकतंत्र के खिलाफ दिए जाने वाले इन तर्कों का जवाब दीजिए :

क. सेना देश का सबसे अनुशासित और भ्रष्टाचार मुक्त संगठन है। इसलिए सेना को देश का शासन करना चहिए।

ख. बहुमत के शासन का मतलब है मूर्खों और अशिक्षितों का राज। हमें तो होशियारों के शासन की ज़रूरत है, भले ही उनकी संख्या कम क्यों न हो।

ग. अगर आध्यात्मिक मामलों में मार्गदर्शन के लिए हमें धर्म-गुरुओं की ज़रूरत होती हैं तो उन्हीं को राजनैतिक मामलों में मार्गदर्शन का काम क्यों नहीं सौंपा जाए। देश पर धर्म-गुरुओं का शासन होना चाहिए।

**उत्तर :-**

क. सेना का अधिकारी जनता द्वारा निर्वाचित नहीं होता । इसलिए सेना का शासन अलोकतांत्रिक होगा।

ख. बहुमत के शासन का मतलब मूर्खों का शासन नहीं है। लोकतांत्रिक व्यवस्था में वैसे लोग शासन संभालते हैं, जो जनता द्वारा निर्वाचित, अनुभवी तथा कानून के जानकार हो।

ग. धार्मिक नेता जनता के द्वारा चुने नहीं जाते हैं । इसलिए किसी लोकतांत्रिक देश को धार्मिक नेताओं द्वारा शासित नहीं किया जाना चाहिए।

**प्रश्न 8:**

इनमें से किन कथनों को आप लोकतांत्रिक समझते हैं। क्यों?

क. बेटी से बाप : मैं शादी के बारे में तुम्हारी राय सुनना नहीं चाहता। हमारे परिवार में बच्चे वहीं शादी करते हैं जहाँ माँ-बाप तय कर देते हैं।

ख. छात्र से शिक्षक : कक्षा में सवाल पूछकर मेरा ध्यान मत बँटाओ।

ग. अधिकारियों से कर्मचारी : हमारे काम करने के घंटे कानून के अनुसार कम किए जाने चहिए।

© JCERT not to be republished

**उत्तर :-**

क. बेटी को अपनी शादी के बारे में राय देने की भी स्वतंत्रता नहीं है, इसलिए यह अलोकतांत्रिक है।

ख. कक्षा में शिक्षक द्वारा छात्रों को प्रश्न पूछने से मना करना लोकतांत्रिक नहीं है।

ग. एक कर्मचारी अपने मौलिक अधिकारों के प्रति जागरूक है, इसलिए यह लोकतांत्रिक है।

**प्रश्न 9:**

एक देश के बारे में निम्नलिखित तथ्यों पर गौर करें और फैसला करें कि आप इसे लोकतंत्र कहेंगे या नहीं। अपने फैसले के पीछे के तर्क भी बताएँ।

क. देश के सभी नागरिकों को वोट देने का अधिकार है और चुनाव नियमित रूप से होते हैं।

ख. देश ने अंतर्राष्ट्रीय एजेंसियों से ऋण लिया। ऋण के साथ यह एक शर्त जुड़ी थी कि सरकार शिक्षा और स्वास्थ्य पर अपने खर्चों में कमी करेगी।

ग. लोग सात से ज़्यादा भाषाऐं बोलते हैं पर शिक्षा का माध्यम सिर्फ एक भाषा है, जिसे देश के 52 फीसदी लोग बोलते हैं।

घ. सरकारी नीतियों का विरोध करने के लिए अनेक संगठनों ने संयुक्त रूप से प्रदर्शन करने और देश भर में हड़ताल करने का आह्वान किया है। सरकार ने उनके नेताओं को गिरफ्तार कर लिया है।

ड. देश के रेडियो और टेलीविजन चैनल सरकारी हैं। सरकारी नीतियों और विरोध के बारे में खबर छपने के लिए अखबारों को सरकार से अनुमति लेनी होती है।

**उत्तर :-**

क. नियमित चुनाव और सार्वभौमिक वयस्क मताधिकार लोकतंत्र की दो महत्वपूर्ण विशेषताएं हैं और इसलिए यह एक लोकतांत्रिक स्थिति है।

ख. कोई अंतरराष्ट्रीय एजेंसी किसी देश को ऋण देने के बदले उसके आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप नहीं कर सकती है । इसलिए यह अलोकतांत्रिक है।

ग. यह एक थोपा गया निर्णय है। इसलिए यह अलोकतांत्रिक है।

घ. लोकतंत्र में जनता को संगठित होने या शांतिपूर्ण प्रदर्शन करने का अधिकार है, जबकि नेताओं की गिरफ्तारी अलोकतांत्रिक है।

© JCERT not to be republished

ड. देश के रेडियो तथा टेलीविजन चैनलों पर सरकारी नियंत्रण होने पर वह स्वतंत्र रूप से आम जनता को सूचना नहीं दे पाएगी, जो अलोकतांत्रिक है

**प्रश्न 10:**

अमेरिका के बारे में 2004 में आई एक रिपोर्ट के अनुसार वहां के समाज में असमानता बढ़ती जा रही है। आमदनी की समानता लोकतांत्रिक प्रक्रिया में विभिन्न वर्गों की भागीदारी घटने - बढ़ने के रूप में भी सामने आई। इन समूहों की सरकार के फैसलों पर असर डालने की क्षमता भी इससे प्रभावित हुई है। इस रिपोर्ट की मुख्य बातें थी:

- सन 2004 में एक औसत अश्वेत परिवार की आमदनी 100 डॉलर थी जबकि गोरे परिवार की आमदनी 162 डॉलर। औसत गोरे परिवार के पास अश्वेत परिवार से 12 गुना ज्यादा संपत्ति थी।

  राष्ट्रपति चुनाव में 75000 डॉलर से ज्यादा आमदनी वाले परिवारों के प्रत्येक 10 में से 9 लोगों ने वोट डाले थे। यही लोग आमदनी के हिसाब से समाज के ऊपरी 20 फीसदी में आते हैं। दूसरी ओर 15000 डॉलर से कम आमदनी वाले परिवारों के प्रत्येक 10 में से सिर्फ पांच लोगों ने ही वोट डाले आमदनी के हिसाब से यह लोग सबसे निचले 20 फ़ीसदी हिस्से में आते हैं।
- राजनैतिक दलों का करीब 95 फ़ीसदी चंदा अमीर परिवारों से ही आता है। इससे उन्हें अपनी राय और चिंताओं से नेताओं को अवगत कराने का अवसर मिलता है। यह सुविधा देश के अधिकांश नागरिकों को उपलब्ध नहीं है।
- जब गरीब लोग राजनीति में कम भागीदारी करते हैं तो सरकार भी उनकी चिंताओं पर कम ध्यान देती है- गरीबी दूर करना, रोजगार देना, उनके लिए शिक्षा, स्वास्थ्य और आवास की व्यवस्था करने पर उतना ध्यान नहीं दिया जाता जितना दिया जाना चाहिए। राजनेता अक्सर अमीरों और व्यापारियों की चिंताओं पर ही नियमित रूप से गौर करते हैं।

  इस रिपोर्ट की सूचनाओं को आधार बनाकर और भारत के उदाहरण देते हुए 'लोकतंत्र और गरीबी' पर एक लेख लिखें।

**उत्तर-**

लोकतंत्र तथा गरीबी के बीच एक जटिल रिश्ता रहा है। जनता के एक बड़े वर्ग का गरीब रहना लोकतंत्रात्म शासन व्यवस्था के सफल क्रियान्वयन में बाधक है। एक गरीब व्यक्ति धन के अभाव में उचित शिक्षा नहीं पा सकता है, जबकि लोकतंत्र में जनता को शिक्षित तथा विवेकपूर्ण होना आवश्यक है, तभी तो वह योग्य व्यक्ति को वोट देकर शासक के रूप में चयन कर पाएगा।

भारत में भी कई ऐसे क्षेत्र है,जहां भय तथा प्रलोभन के द्वारा जनमत को प्रभावित किया जाता है।

© JCERT
not to be republished

# अभ्यास प्रश्न

## बहुविकल्पीय प्रश्न

1) आधुनिक काल की सबसे लोकप्रिय शासन पद्धति है।

   a. राजतंत्र

   b. तानाशाही

   c. लोकतंत्र

   d. साम्यवादी

2.) लोकतंत्र में शासन का संचालन किसके हाथ में होता है?

   A. जनता

   b. अधिकारी

   c. जनप्रतिनिधि

   d. राजा

3.) "लोकतंत्र प्रजा का, प्रजा के लिए तथा प्रजा के द्वारा शासन है।" यह कथन किसका है?

   a. महात्मा गांधी

   b. कार्ल मार्क्स

   c. अब्राहम लिंकन

   d. इनमें से कोई नहीं

4.) दलगत बुराइयां किस शासन पद्धति में होती है?

   a. राजतंत्र

   b. लोकतंत्र

© JCERT not to be republished

c. तानाशाही

d. साम्यवादी

5.) लोकतंत्र शासन पद्धति में आवश्यक है।

a. प्रचार तंत्र

b. स्वतंत्र तथा निष्पक्ष चुनाव

c. शिक्षित शासक

d. इनमें से कोई नहीं

## लघु उत्तरीय प्रश्न-

6.) डेमोक्रेसी किस भाषा के दो शब्दों से बना है?

7.) लोकतंत्र में मतदान कौन करता है?

8.) लोकतंत्र में फैसला लेने में देरी क्यों होती है?

## दीर्घ उत्तरीय प्रश्न

9.) लोकतंत्र से क्या समझते हैं? इसकी विशेषताओं का वर्णन करें।

10.) लोकतंत्र के गुण- दोषों की विवेचना करें।

© JCERT not to be republished